कार्यालय – सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

प्रेस विज्ञप्ति

निदेशालय जनजाति कल्याण उत्तराखण्ड 165, अजबपुर कला, मोथरावाला रोड, देहरादून के पत्र संख्या 4306–07/ज.जा.क./एक.आ.आवासीयवि0/2013–14 दिनांक 04 जनवरी, 2014 के अनुसार जनपद देहरादून के विकास खण्ड कालसी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के सत्र 2014–15 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश चाहने वाले प्रदेश में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 06 से 12 तक अनिवार्य आवासीय व्यवस्था के साथ–साथ निःशुल्क उच्च स्तरीय स्कूली सहशिक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रदान किये जाने का प्राविधान है। प्रदेश में निवासरत आदिम जनजाति (बोक्सा एवं राजी) प्रत्येक के 01 छात्र तथा 01 छात्रा हेतु कुल 04 स्थान आरक्षित हैं। अनुसूचित जनजाति के 30 छात्र एवं 30 छात्राओं को कक्षा 06 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा।

प्रवेश हेतु पात्रता :–

1. राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों से वर्ष 2013–14 में कक्षा 05 अध्ययनरत/उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति के छात्र एवं छात्राएं उक्त कक्षा 06 के प्रवेश परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होंगे।
2. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी शैक्षिक विवरण का सत्यापन एवं फोटो का सत्यापन अपने उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका से करायें जहाँ से वे वर्ष 2013–14 में कक्षा–5 उत्तीर्ण किया हो।
3. कक्षा 06 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का जन्म 01 जुलाई, 2002 से 30 जून, 2004 के मध्य होना चाहिए। जन्म तिथि में उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं।
4. चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वह काउंसिलिंग के समय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कालसी, देहरादून के प्रधानाचार्य के समक्ष आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियों के सापेक्ष मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जायेगा।

आवेदन पत्र :– आवेदन–पत्र के प्रारूप की प्रतियां मुख्य शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा निकटतम राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के प्रधानाचार्य कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है, इसके अतिरिक्त समाचार पत्र में प्रकाशित आवेदन पत्र के प्रारूप पर सादे कागज पर भी आवेदन किया जा सकता है। आवेदन–पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। जिसे डाउनलोड करके भी आवेदन कर सकते हैं।

परीक्षा केन्द्र :— परीक्षा केन्द्र निम्नवत् होंगे :—

1. राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिपुर, कालसी, देहरादून।
2. राजकीय इण्टर कालेज कालसी, देहरादून।
3. कैन्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकराता, देहरादून।
4. राजकीय इण्टर कालेज त्यूनी, देहरादून।
5. राजकीय बालिका इण्टर कालेज, उत्तरकाशी।
6. राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोशीमठ, चमोली
7. राजकीय इण्टर कालेज घाट, चमोली।
8. राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलुवाकोट, पिथौरागढ़।
9. राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनस्यारी, पिथौरागढ़।
10. एस0डी0एस0 राजकीय इण्टर कालेज पिथौरागढ़।
11. राजकीय इण्टर कालेज डीडीहाट, पिथौरागढ़।
12. राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गदरपुर, ऊधम सिंह नगर।
13. राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटीमा, ऊधम सिंह नगर।

परीक्षा तिथि :— प्रवेश परीक्षा दिनांक 04—05—2014 रविवार को उक्त केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा।

आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 28 फरवरी, 2014 को सायं 5 बजे तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) को पंजीकृत डाक से पहुंच जाने चाहिये। **लिफाफे के बाहर "एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखा जाय। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

परीक्षा योजना :— प्रवेश परीक्षा की अवधि 2 घण्टे होगी, प्रश्न—पत्र में तीन खण्ड निम्नवत् होगा :—

खण्ड	विषय वस्तु/खण्ड	प्राप्त अंकों का विवरण
1.	मानसिक योग्यता परीक्षा	40
2.	गणित परीक्षा	30
3.	हिन्दी परीक्षा	30
	कुल योग :—	**100**

प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प अंकित होंगे, सही विकल्प पर काली अथवा नीली बॉल पैन से गोला (ROUND) लगायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा, ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

18/01/2014

(डॉ0 दयाकृष्ण मथेला)

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)।

18/01/